# शादी करा दे मेरी राधा के साथ | By Mukesh Bagda |

सेवा करेगी तेरी दिन और रात
शादी करा दे मेरी राधा के साथ

बिनती करूँ माँ तेरे जोड़ूँ मैं हाथ
शादी करा दे मेरी राधा के साथ

थकने की तेरी माँ अब ना उमरिया
घर को संभालेगी अब वो गुजरिया
गइया संभालेगी, माखन निकालेगी
घर में बँटाएगी तेरा माँ हाथ
शादी करा दे मेरी राधा के साथ

बाबा का हुक्का भरेगी वो आके
जल्दी से मैया तू नेग बता दे
जंगल न जाऊँगा, माखन न खाऊँगा
अपने लल्ला को दे दे प्यारी सौगात
शादी करा दे मेरी राधा के साथ

छोटे कन्हैया की सुनकर के बातें
खुशियों से छलकी रे मैया की आँखें
बोली माँ, लाला वो गोरी तू काला
आगे क्या उसके है तेरी बिसात
कैसे जमेगी जोड़ी राधा के साथ
शादी करा दे मेरी राधा के साथ

माना मैं मैया हूँ थोड़ा सा काला
मेरा ब्रज में है रुतवा निराला
हर्ष वो दीवानी है, प्रीत माँ पुरानी है
मेरा और राधा का जन्मों का साथ
शादी करा दे मेरी राधा के साथ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be-2/